दिल मे मेरे हो फ़िक्रे रसूल (स.)

हज़रत हव्वा बनी जौजे नबी
यवज़ दुरुद बर मोहम्मद रसुल (स.)

क़िस्मत पे नाजॉ क्यों हो ना शाकेर
मिले हैं हमें कितने प्यारे रसूल स.

-अज़तुफैल आप (स.) के ऐ नबी (स.)
बख़्श दी रब ने आदम की भूल

हर शोबए जिंदगी के आप (स.) रहेनुमा
बताए जिंदगी के जरीं उसूल
आपके हूस्न अख़लाक से यानबी
रश्के तूबा बने हैं बबूल

7 आरज़ू

दरे आस्तानेय यार पर जबीं रखदूँ यही आरज़ू है
इज़हारे उलफ़त व वफ़ा करदू यहीं आरज़ू है

मेरी दीवानगी पर हंसता है ज़माना तो क्या परवाह
इसी दीवानगी को निसारे यार करदूँ यहीं आरज़ू है

वफ़ाए मोहम्मद वफ़ाए खुदा है ये क़ौल वाक़ई बजा है
इसी अज़्म का इक़रार बार बार करदूँ यही आरज़ू है

कलमा तय्यब मेरा दीन व ईमान है खुदा व रुसुल पर एक़ान है
इसी कलमाए हक को गुलूए हार करदूँ यहीं आरज़ू है

एक सजदा भी इनक़लाब व दरख़शानीये मुक़द्दर है
जबीने नियाज़ को आलूदये ग़ुबार करदूँ यही आरज़ू है

क्या ही अलताफ़ व इनायत हम पर हूई जा रही हैं
इन नियामतों पर शुक्र बे शुमार करदूँ यहीं आरज़ू है

ये फ़ितरत हसीं, कायनात हसीं के जल्वेह सुबहान अल्लाह
इन पे बे ख़ुदी निसार करदूँ यहीं आरज़ू है

राहें मंजिल में क्योंहायल हूए जाते है रक़ीब
इन मसायल को सुपुर्दे यार करदूँ यहीं आरज़ू है

फ़ैज़े किरदारे नबी (स.) , नक़्शे क़दम और आपके हूसने अम्ल से
फ़िज़ाए मसमूम को मुश्‍कबार करदूँ यहीं आरज़ू है

जिंदगी बराए बन्दगी है और इस का हासिल यही शाकेर
हर लमहए जिंदगी को मंशाए यार करदूँ यहीं आरज़ू है

8 ग़ज़ल

बर्क़ की चष्मक ज़नी सा है हिजाब उनका
वजूद क्या है एक पारै सीमाब उनका

एक ही निगाह मे जो कर दिया मदहोश
वह क्या नज़र है क्या शबाब है उनका

उनके आते ही बज़्म जो रौशन हूई
वाह चहेरा है गोया माहाताब उनका

वह तबस्सुम रेज़् क्या शीरीं कलामियाँ हैं
दिले नादाँ को बहोत भाया ख़िताब उनका

इतने महेव थे उनकी ख़ुश अदाइयों पर
बहोत देखा किए हुसन लाजवाब उनका

कोई शजरे हसीं का गुमान होता है
दहेन गुन्चा और चहेरा गुलाब उनका

1 गज़ल

इन्सान क्यो ख़ूएवफ़ा भूल गए
नादान फ़रिश्तों की अदा भूल गए

दयारे ग़ैर पर रुस्वा हुए सायल बन कर
उस जव्वाद की लुत्फ़ व अता भुल गए

लज़्ज़ते गुन्हा ने लूटी ऑह! ये उमरे अज़ीज
रहेमान से वह अहदे वफ़ा भूल गए

बज्म की रंगीनियों में डूबे इस क़दर
मन्शा इलाह और वक़्ते क़ज़ा भूल गए

विरसय मग़रिब को रखतें है दिल से अज़ीज़
अपने महेबूब (स.अ.स.) की हुसने अदा भूल गए

दावते ज़िक्र देता रहा रब का मुनादी शाकेर
ख़्वाबे ग़फ़लत में मौज़्ज़न की सदा भूल गए

10 ग़ज़ल

शबो ग़म बहोत बेक़रार गुज़री है
बर्क़ लहेराती हूई बार बार गुज़री है

हमदम हम नशीं ना कोई ग़म गुसार हुवा
सबा रोती हूई बेक़रार गुज़्री है

तूफाँ वतलातुमने दिया मंज़िल का पता
अपनी कश्ती बहेर में बेसहार गुज़री है

राह गुज़र की ठोकरों ने जीने का सलीक़ा बख़्शा
ये जिंदगी बडी ख़ुश गवार गुज़री है

ऑह । फिर से होगई सुर्ख़ अर्ज़े करबला
कुरबानी तेरी हुसेन याद गार गुज़री है

जुसतजूए आदमे ख़ाकी के उरूज की लहेरें
कभी आसमाँ कभी कहेकशाँ से गुज़री हैं

कभी गुलज़ारे चमन कभी खिजाँ बारे चमन
शाकेर ये जिंदगी मुस्तआर गुज़री है

11 ग़ज़ल

अब दोस्ती हो गयीपीरे कामेल से
क़ुर्ब होजाएगा मुझको मंज़िल से

वह उनका जल्वाह जल्वोहे तूर तो नही लेकीन
क्यो होश मे लातें हो अपने आँचल से

फ़ितनों को हवा देकर भी ख़ामोश नही हैं
हर बार वह टकरातें है मेरे शिशए दिल से

बीच दर्या किस कदर तुफ़ॉ तलातुम है
मौजे क्या टकरा रही हैं साहेल से

बागबाँ सो गाए मुहतिसब है मदहोश
काफिले भटकें हूए कितने मंजिल से

राहे मंजिल से गुज़रुं मैं बे खटके व बे बाकाना
दीवाने को क्या काम है यारो, असबाब वह इलल से

बीच तुफाँ में था मंजिल का पत्ता
लोग बस, देखा किए दूर साहेल से

एक ऐसी नज़रे इन्कलाब हो शाकेर
मोम होजाएँ गरहों संग दिल से

12 ग़ज़ल

पुख़्ता है उस का अज़्म मुक्कमल निज़ाम है
तसवीरे कायनात कहाँ ना तमाम है ।।

देखी थी एक निगाह तो तबिय्यत मचल गई
ये बेक़रारी दिल की सुबाह शाम महे

गुल पे तबस्सुम है और हर रुह है फ़रहाँ
आने वाले तेरा, क्या ही एहेतमाम है ।।

इस बज़म की वल्लाह क्या ही शान है
हर ज़र्रे को बख़्शी गर्दिश मुदाम हैं

अब तो तस्ख़ीरे कायनात का गो अज़्म है पुख़्ता
लेकिन अभी मुबतदी हूँ और शऊर खाम है ।

सिर्फ़ एक निगाह पुर साहेर के लिए
मैकश तेरा अभी तिशना काम है ।।

जियो तो औरों की भी जीने दो शाकेर
ये मैख़ाना तो एकसां मुफ़ीद व आम है

13 ग़ज़ल

तहेरीर बदल सकती है तदबीर बदल सकती है
हुसने अमल से यारो तक़दीर बदल सकती है।।

सिला रहेमी की कडियाँ झरने हैं दर्या के
सूखे हूए पेडों की तासीर बदल सकती है ।।

तालेब हों, इज़्ज़त के ख़ुद ही झुकें पहेले
अंदाजे तवाज़े से तहेक़ीर बदल सकती है ।।

गर अज़्म मुसममम हो तो आसान है मंज़िल
बिखरे हूए ख़्वाबों की ताबीर बदल सकती है ।।

हुस्ने अमल और सदक़ा रोके हैं बलावों को
दस्ते दुश्मन मे रखी, शमशीर बदल सकती है ।।

हम शुक्र व सब्रर से मालिक को राज़ीकरलें
उलझे हूए मसलो की ज़ज़ीर बदल सकती है ।।

अगर औसाफ़े ख़लील होंतो कुछ ग़म नही शाकेर
दहेकती हूई आतिश की तासीर बदल सकती है ।।

14 ग़ज़ल

फ़सले व गुल है और घटा छाई है
भरी है बज़्म हर सू रानाई है ।।

हर अदा उनकी, जान लेती है
बताओ तो, ये कैसी मसीहाई है ।।

कल का वादा और फिर मुकर जाना
ख़ूब क्या दोस्ती निभाई है ।।

दिले मुशताक़ का तडपना क्या
देख मंजिल क़रीब आई है ।।

दर्द का हासेल है उन का विसाल
"क्या दीवाने ने मौत पाई है" ।।

हुसन व शबाब ख़ुशअदाई भी
हसीं गुलशन मे बहार आई है।।

उन से मेरा सवाल है शाकेर
दरे ग़ैर पर क्यो गदाई है ।।

21 ग़ज़ल

कई अहेले नज़र और कई अहले हुनर होतो हैं
कोई शाह, और कोई शाहगर होते हैं

तू ज़ाहेरी हुस्न वह नज़ाकत पे ना जा ऐ दोस्त
के हर सदफ़ मे निहाँ एक ही गोहर होते हैं ।

किसी ज़र्रे को हाँ हीच ना जानो हर गिज़
इसी ज़र्रे में पोशीदा, गोहर होते हैं ।।

एक ही नज़र मे आँक लेते कसोटी बन कर
कैसे कैसे यहाँ अहेल नज़र होतो हैं ।।

रिश्ता दर्द को फ़रोग़ देना मसीहा बन कर
जुल्म भी सई पैहम से ज़ेर व ज़बर होते हैं ।।

दर्द से तडपे कोई या सेएकहीं जहाँ में
वह भी अपने अज़ीज़, दिल व जिगर होते है ।।

होजातें हैं दो जहाँ मे सुर्ख़ रु व बामुराद
जो बन्दे रब के मुती मन्ज़ूरे नज़र होते हैं ।।

अज़्म फ़रहाद से मंजिल बहोत आसान है शाकेर
इसी से रौशन, राह गुज़र होते हैं ।।

22 ग़ज़ल

जवानी की हर हसीं शाम व सहर होती है
जिंदगी फूलके सेजों पे बसर होती है

आमदे बहार है गुलशन पे शबाब आया है
घर घडी शुगूफ़ता हर नज़र हुसने नज़र होती है ।।

अन्‌जुम निसार होते है जिस रात पर क़सम
उस रात की भी क्या ख़ूब सहर होती है ।।

इस गंजे राख पर हरगिज़ ना तास्सुफ़ करना
इसी ही ढेर मे जाने शरर होती है ।।

दोस्त हैं मुख़लिस हैं और मुहिब्बाने इनाद
कैसे कैसे रहे गुज़ारों से गुज़र होती है ।।

अज़ायम की मेराज के है ये तो भरपूर जल्वेह
जमी पे हम हैं मगर, सितारों पर गुज़र होती है ।।

बिदून हुक्म के उस के पत्ता ना हिल सके शाकेर
उसी के हुक्म से गर्दिश शम्स व क़मर होती है ।।

17 ग़ज़ल

ज़िक्रे सुब्हान गर्दिश में
हर लहेज़ा अज़ान गर्दिश में ।।

आफ़ाक़ में वह नुजूमगर्दिशमें
कहेकशावों का हुजूम गर्दिश में ।।

ये इन्क़लाब और तग़य्युरे ज़माना
और बहारो ख़िजाँ गर्दिश में ।।

लुत्फ़ व इनामगर्दिश में
रहमते सुब्हान गर्दिश में

झील व आबशा गर्दिश में
यह बहरे जख़्ख़ा गर्दिश में

फ़लक पर माहताब गर्दिश में।।
माही दर आब गर्दिश में

दिल व दिमाग् और आज़ाए बदन
और ये ख़ून का निज़ाम गर्दिश में ।।

जुसतजूए ना तमाम गर्दिश में
वह साईंस का फ़ैज़ान गर्दिश में ।।

सागर वह जाम गर्दिश में
हर ख़ास व आम गर्दिश में ।।

फ़िक्र का तुफ़ान गर्दिश में
शाकेर भी मुदाम गर्दिश मे ।।

18 ग़ज़ल

हम किस तराह रहेंगे महजूर होकर
तेरे ख़्याल और तुझ से दूर होकर ।।

ख़्यालों में जो मेरे बसती है
रहेगी वह भी, अपनी हूर होकर ।।

चश्म दीदार को तरस्ती है
कब नमूदार होगी नूर होकर ।।

जब तेरे ख़्यालं की वह खुशबू
मेरे दिल मे बसी है सुरूर होकर ।।

ये यादों की बारात का तसलसुल
अब मुलाक़ात होगी, मसरुर होकर ।।

तमन्ना दीद की है मिस्ले कलीम
फिर चमकेगा कोई कोह तूर होकर ।।

क़रीब आ भी जाओ कुछ लमहें के लिए
कब तलक तुम रहोगे दूर होकर ।।

अभी छेडी है गज़ल शाकेर ने
पढता जाऊँ तेरे हुज़ुर होकर ।।

19 ग़ज़ल

एक छोटा सा दिल है मगर उछलता जाता है
उन की आमद से रंगे महफ़िल बदलता जाता है ।।

यादे माज़ी की हसी घडियाँ
चष्मे दरिया उबलता जाता है ।।

बस चष्मे करम के थे हाँ हम तो मरहूने मिन्नत
मिज़ाजे यार बहेकता और फिर संभलता जाता है।।

आह ! एक फूलसा दिल होता है हर किसी का
बता फिर क्यों तू इसे मसलता जाता है।।

क्या कुर्ब व बुअद वह तो एक ही फ़ासले थे
ख़्याले यार बस तसव्वुर मे ढलता जाता है।।

वह देखो रुख़ो ज़ेबा पे घटाए छाई है
अब घटावों से माहताबा निकलता जाता है ।।

अमले इन्साँ, जब मोड लेता है शैतानी
तो फिर रंगे आसमाँ भी बदलता जाता है ।।

इस दारे फ़ानी मे मुख्तसर है ये उमरे अज़ीज़
इस की ज़ीनत पे शाकेर क्याँ मचलता जाता है।।

20 ग़ज़ल

हमें रहे रहे के ख़्याले यार बार बार आया
महेकता, मुसकुराता हुवा मोसमे बहार आया ।।

इस बज़्म मे जिंदगी मुसकराती रही लेकिन
पयामे मौत भी आया, तो सद इफ़्तेख़ार आया ।।

साक़ी की निगाहों ने कर दिया मदहोश
गुलशने हस्ती पे छाया निखार आया ।।

शामे इन्तेज़ार आई शब सरापा इन्तेज़ार आई
बदरे कामेल भी आसमाँ पर बहरे इन्तेज़ार आया ।।

ऐ अद्ल व इन्साफ़, तू बता कहाँ है तेरा पता
बसती बसती सहरा सहरा तुझ को पुकार आया ।।

मोसम था खुश गवार और साक़ी था मुसतइद
घटावों का साथ साथ लिए अबरे बहार आया ।।

जामे इश्क़ था या मैं बेख़ूदी में मस्त था
सहर हसीं का शाकेर पे कैसा खुमार आया ।।

15 ग़ज़ल

बहार व चमन के वह लैल व नहार मेरे हैं
ये हसी रातें सुबाह के आसार मेरे हैं ।।

बद्रे कामेल अंजुम व ख़ुर्शीद मेरे हैं
सहेरा तो सहेरा वह गुलज़ार भी तो मेरे हैं ।।

वह आबेद हैं जाहेद हैं मेरे रफ़ीक़
उस के बन्दे गुन्हेगार भला मेरे है ।।

तुफाँ भँवर और गज़बनाक लहेरें
बहेर, कश्ती, और पतवार मेरे हैं ।।

ये जमा व जमी ये कायनात का आलम
दिल नशी बज़्म के सिंगार ही तो मेरे हैं ।।

हर संगे राह भी मेरा रहेबार भी
और वह राह के गुबार मेरे हैं ।।

इन्साँ दोस्त और इन्साँ नवाज़
वह सभी लायक़े एतेबार मेरे है ।।

गुल व बुलबुल से दोस्ती आपनी
वह बियाबाँ व ख़ारज़ार मेरे हैं ।।

हासिले ज़ीस्त, नज़रे करम उनकी
वह दामने गोहर बार मेरे हैं ।

नाज़ अपनी मुक़द्दर पे इसतराह शकेर
देखिए रहेमते किर्दगार भी तो मेरे हैं ।।

16 ग़ज़ल

कलयों को अपने फूल दिलकश बना के देख
फिर हौसलों को अपने फ़िज़ा मे उडा के देखा ।।

महेफ़िल को मेरेतू दिलरुबा बना के देख
और दर्द का मेरे दरमाँ बना के देख ।।

है दीदार की तमन्ना, तो खुद को मिटा के देख
मिल जाएगी ख़ुदाई तसवउर जमा के देख ।।

खुल जाएगा भरम तेरी ज़ोर आज़माई का
हिम्मत है गर ज़रा, तो नज़रें मिला के देख ।।

ख़श्यों और बज़्म में तो सब होतें है शरीक
तारीकियों में साये को अपना बना के देख ।।

नाकामियों में चिराग़े तमन्ना तु मत बुझा
कोशिशो को अपने ज़रा और बढा के देख ।।

हुस्ने अमल से चमकादे फिर इस जहान को
हुस्ने अमल के कुछ ज़रा चर्चे दिखा के देख ।।

लम्हे निशात का खुल जाएगा भरम
ऐ गुन्चे तू ज़रा खिलखिला के देखा ।।

हंगामा शादी समझ कर इतना ना मचल
तडपते हूए वक्त की सुर्ख कुबा को देख ।।

मेराज की तमन्ना गर दिलमे शाकेर ।
बारगाहे आली मे सर को झुका के देख ।।

23 मुतफ़र्रिक अशआर

ऑह ! दामने अखलाक जब तार तार होगए
फूल भी निगाहों मे बस ख़ार होगए ।

तारिकियाँ कब से महेबुब थी जिन्हें
हूई जब सुबाह कितध्ध शर्मसार होगए ।।

शौक का सरताज है तेरा ख़्याल
चाँद को शरमाए है तेरा जमाल ।

लुत्फ़ की मेराज है तेरा ख़्याल
इश्क़ की मेराज है तेरा विसाल ।।

चाँद भी शर्मा गया एक हुसन बा हया को देख कर
नसीमे सहर ठहेर गयी एक खुश अदा को देखकर ।

ना खुदा ने एक तुफों मे मंजिल ढूंढली
खिज़र भी दंग रहे गए रहेनुमा को देख कर ।।

इस जहाँ से अब ज़ाना है यारो
बस वही अपना सहारा है यारो ।

वह कुव्वते ईमान बाक़ी नही है
वह एहसासे जियाँ बाकी नही है ।।

मैं अकेला ही जन्नत लेके क्या करूँ
मेरे पीछे तो कारवाँ दर कारवाँ है ।

तू ही सरापा उम्मीद वह आस है यारब
तेरी रहेमत का हम पर सायबाँ है ।।

वाए अफ़सोस बडी ख़ता होगई
आज नमाज़े फजर ख़ज़ा होगई ।

तू है रब्बे गफुर में गुन्हेगार हूँ।
बख़्श दे मुझको यारब ख़ता हो गई ।।

24 मुतफ़र्रिक़ अशआर

रात दो तिहाई गुज़र चुकी अब सवेरा बाक़ी है
आसारे सहेर वह देखो ना कुछ अंधेरा बाक़ी है।
ख्वाहिशें मोजेज़न चिराग़े सहेरी भडक रहा है
अब मुसाफ़िर तयार होजा कूच नक़्क़ारा बाकी है ।।

तेरे हात मे है यारब अनाने मौत व ज़ीस्त
तू जब और जिस तरफ़ चाहें उधर को मोड दे।
ये यक़ी है के वह सुन्ता है सदा से पहेले
होगी मक़बुल दुःआ मेरी दुःआ से पहेले ।।

लब पे तेरा ही नाम बस ऐ मेहेरबाँ रहे
रतबुल लिसाँ रहें हम जब तक ये जाँन रहे ।
ताहीने जिंदगी ना छूटे वफ़ा का साथ
गरचे इस सफ़र में कई इमतेहाँ रहें ।।

तेरा बन्दा हूँ तेरी बन्दगी के लिये यारब
सरे नियाज़ को ख़ाक पर रखता हूँ मैं ।।
शक्ले मजूसी पे जियूं ये अमर गवारा नही हर गिज़
चहेरे पे अपनेनुरे ख़ैरुलबशर रखता हूँ मैं ।।

मैं तेरा आसी हूँ फिर भी तेरा बन्दा हूँ मैं
तेरी रहेमत पे हमेशा नज़र रखता हूँ मैं ।।

25 मुतफर्रिक अशआर

क्यातेरे अल्ताफ़ व इनायात है यारब
बारे एहसाँ से मेरी गर्दन झुकी जा रही है
ज़िन्दगी भी मतलूब है और मौत भी महेबूब है
दोनों पे जिस का हात हो वह आदमी क्या ख़ूब है

जिंदगी का कैफ़ थोडा सा
जिंदगी का ऐश थोडा सा
लमहा निशात थोडा सा
गुल को सिबात थोडा सा

एक इनक़लाब है जिस की आमद का मुन्तजर
या रब वह निगाहें मोमिन मुझे एक बार दे
आसान नही है हाले मौत और मरना शाकेर
ये इमतेहाँ के बाद वह इमतेहाँ बाकी है

ऐ गोहर अदन कहाँ है तू आवाज़ तो दे
हर सू मुझ को ख़स वहख़ाशाक नज़र आतें हैं
बहर की पहेनायों सेबारमलाई ये सदा
नादाँ लबे साहिल कोई गोहर कहीं पातें हैं

दिल वह दिमाग़ को शादाब किजिए आकर
बहारेनवा से महेकते है फूल गुलशन के
दोस्त ही क्यो दुशमन भी हम को प्यारा है
जिस तराह पहेलूए गुल मे ख़ार भी गवारा है

मुनाज़र क़हेक़हाँ की बस्ती में रोह हूँ में
दागे इसयाँ को बार बार धोर रहा हूँ में
ये बे हिसी लूट लिए देती है आह ये उमरे अज़िज़
दामने तार तार को अब सी रहा हू में

ह लमहाँ देता है पैग़ामे मौतपयहम मगर
फिर भी जीना है और जी रहा हूँ में
अमले पयहम से बनती है जिंगदगी बेहतर
आग मे जल कर कुन्दन भी निखर आतें है

आदाब व अख़लाक जो बजा लाते है
रुतबे वाला को शाकेर वहीं पाते है
इसतेकलाल हिंमत, जाँबाज़ी व ग़ोता ज़नी
अहेले अज़्म के हम हात, उन्हीं के आते है

26 यौमे आज़ादी

यौमे आज़ादी का आज मना रहे हैं हम जश्न
हर कली खिली है आज फूला हुवा है यह चमन

हर गुंचा पुर बहार है गुल पे आज निखार है
मुसकुरा रही है बज़म् हर शैपे आज निखार है

अहेले वतन के दिल पे आज ख़ुशी का राज है
हर छोटे बडे के सर पर आज़ादी का ताज है

नारों से गुंज रही है फ़िजा
और माहोल सारा जाग उठा

शबे तीर व तार कैसे कटी ये सहर कैसे हूई
अंजुम सद हज़ार मिटे तब कहीं ये सहर हुई

टिपू के अज़्म, लक्ष्मी के बलीदान की क़सम
नौनिहालाने चमन के ज़ान और आन की कसम

जलयान वाला बाग की ख़ुनैन दासताँ की क़सम
जंगे आज़ादी के उन जाँबाज शहीदॉन की क़सम

कई काफ़िले तो लुट गए आज़ादी की राह में
जाने गुँवाईं शौक़ से आज़ादी की चाह में

बापू ने अपने अज़्म से तूफ़ाँ को मोड दिया
दिखाई जुरअतेमर्दाना दुश्मन को तोड दिया

अज़्म व इस्तेक़लाल से दुश्मन सरनिगूँ हुवा
एकजहेती बेमिसाल से हाकेम सरनिगूँ हुवा

शहीदाने वतन के लहु सींचा गया ये चमन
हर सूपुरेबहार है मुसकुरा रही है ये अंजुमन

योमे आज़ादी का आज मना रहें हैं हम जश्न
हर कली खिली है आज फूला हुवा है चमन

27 चाँद

ऐ माहेताबाँ खुल गया तेरा भरम
परतवे ख़ुर्शीद से चमकता है तू क़सम

चमकता तू मगर ये चमक तेरी नही
मुस्तआर है ये रोशनी ख़ुद तेरी नही

नाज़नीनों को महजबीं कहते थे हम
और अब उन्हें क्या कहें इस का ग़म

देखना हर सू ये दाग़ धब्बे ये पहाड व ग़ार
तेरे चहेरे पर कितने हैं वह नक़्श व निगार

अहेले साईस ने तुझ पर क्या सितम कर दिया
हसीनों को अब तुझ से बहोत बदज़म कर दिया

तेरी ख़ामूशी व हुस्ने अमल का गिरविदाह हूँ
गर तू मज़लूम सही दिल से तुझ पे शैदा हूँ

हूसने अज़ल की तू हसीं तख़लीक़ है प्यारे
मौजेज़ा शक़्क़ुल क़मर की तफ़सीर है प्यारे

शबे तीर व तार मे रहेबर है तू
महेफ़िले शब का वाक़ई क़ैसर है तू

ईदे हिलाल बन कर चमका है तू उफ़क पर
देखते है सायम तुझ को हाँ उफ़क पर

देख कर तुझ को समंदर भी झूमता है लाकलाम
बहेरे मव्वाज मे तूफ़ाँ की परवरिश का निज़ाम

तारों भरी रात कितनी सुहानी
इस पर तेरी अजब हुकमरानी

महेबूब हमसफ़र यह ठंडी ठंडी हवाएँ
नग़मेय मोहब्बत फिर क्यों ना गुनगुनाएँ

कैसी मुशामे जाँ है रात राणी की बहार
मुसकुराती है मोहब्बत खिल उठता है प्यार

बदरे कामेल हो तो आशिक़ों की ईद होती है
और ईदे हिलाल हो तो ईदे सईद होती है

शबे वस्ल की बहोत बढ जाती है तुझ से रौनक़
एक आसमाँ पे तू है और जमींपे उनकी रौनक़

ये बता दरीचो से क्याँ झाँकता है तू
क्या दो दिलों की मोहब्बात को आँकता है तू

हाँ बेशक तू गवाह है शबे रौशन के अफ़सानोंका
पहोंचा अपनी मंज़िल की तरफ़ काफ़ेला अरमानों का

तेरी कशिश से शाकेर बहोत बेक़रार है
बदरे कामेल के लिए सरापा इंतजार है

28 मेहेरे ताबाँ

ऐ मेहेरेताबां उफ़के आसमाँ पर तू है जल्वाह फ़गन
ज़र्रा ज़र्रा पुर नूर है रौशन हो गया सारा गगन

तेरी आमद से रौशन हो गया ये सारा जहाँ
तू जब आजाए जो फिर तारीकी रहेती कहाँ

मख़ज़ने नूर व हरारत है क्या ही जिंदगी तेरी
ख़लक की ख़िदमत मे बस दवाँ है जिंदगी तेरी

मज़हरे क़ुदरत का एक ताबंदा निशाँतू है
मुस्तइद बेलोस मंजिल की तरफ रवां तू है

तेरा फ़ैज़े आम देता है तेरी अज़मत का पता
क्या शीरीं समर हैं और फूलों मे रंग वह बू

गर्दिश मे तेरी मुज़म्भिर है राज़े ज़िंदगी
सुबाह दोपहर और फिर क्या शामे ज़िंदगी

29 गुले मुतबस्सुम

ऐ गुले मुतबस्सुम तेरा तबस्सुम इस चमन की आरज़ू है
हर शजर की, हर बर्ग की, हर शाखे गुलशन की आरज़ू है

तेरे मुस्कराने से मुसकुरा उठता है ये गुलिस्ताँ
जिस तराह आमदे महेताब पर मुसकराए आसमां

खुलूस और मोहब्बात का एक पैमाना है तू
इस फ़सले बहार के लिए एक नज़राना है तू

साने कुदरत की तू एक हसीं तखलीक है
रंग व हूस्न और नज़ाकत मे सब तुझ से हीच है

पेवस्ता शजर से रहेकर तूने शबाब पाया
की बहुत कुछ तरक्क़ी और फ़ैज बे हिसाब पाया

गुल से समर तलक थी तेरी जिंदगानी
फिर तुख़्म ने पाई हयाते जावे दानी

शमीमे बाग़ भी तेरा नाज़ उठाती है हर दम
तेरी ख़ुशबू को हर सू फैलाती है हर दम

तेरा हूस्न है दावते नज़्ज़ारगी सरापा
रंगत नई हूस्न नया और नज़ाकत सरापा

30 गुलाब

चमन मे क्या धूम मची है गुलाब की
फूलों के ताज हुस्न मे लाजवाब की

हर बर्ग व गुल से कैसी नज़ाकत टपकती है
हर पंखडी से कैसी ख़ुशबू महेकती है

सब्ज़ पत्त्यों मे कोई चहेरा गुलाब है
या सब्ज ओढणी मे कोई लाजवाब है

हर गुंचे मे गुमाँ होता है नाज़ुक लबी का
हर गुल मे तमाशा है तेरी बुलअजबीका

किस अदा से कोई दोशीज़ा मुसकरा रही है
या कोई परी सब्ज़ क्या जल्वाह दिखा रही है

परतवे खुर्शीद से रौशन हुवा शबनम का नगीना
या शर्म से अर्क़ रेज़ हूई कोई प्यारी हसीना

जाग उठती है दिल की वह पिनहांयाँ
देख कर तेरे वह हूस्न की रानाइयाँ

मिसले शमा चमन मे तेरा क्या एहेतराम है
वह हर शजर हर बर्ग व गुन्चा तेरा ग़ुलाम है

तारीख़े गुलिस्ताँ मे ये तो मशहूर नाम है
वह बुलबुल भी तेरे हुस्न के आशिक़ क़ा नाम है

हर सख़्त दिल को राम करती है लताफ़त
हीरे का जिगर चाक करती है नज़ाकत

महेबुब के मिज़ाज का तू तरजुमान है
उठते हूए शबाब का प्यारा निशान है

ख़ुशबूए गुल क्या ही मस्तानी हूई
तितली भी तेरे हूस्न की दिवानी हूई

बहारों के साथ चढ रहा है तेरा शबाब
वाह रंगीनीयों मे डूब गॅए तख़्तए गुलाब

तू मुसकराता है तो मैं खिलखिलाता हूँ
तेरे हूस्न को देख कर मचल जाता हूँ

गुलिस्ताने शाकेर का हसीं नज्जारा
बडा रूह परवर बडा प्यारा प्यारा

तेरा तबस्सुम दावते इनतेशार है गोया
इस के बाद हस्ती मिस्ले गुबार है गोया

हाय जिंदगी यह अंजामे जिंदगी क्या है
सिर्फ़ एक तबस्सूम के सिवा ताज़गी क्या है

31 शबनम

कोई शोला सा लगे है कोई शबनम
क्या क्या तख़लीक़ात हैं उसकी ऐ मोहतरम

आरेज़े महेबूब पर बिखरें हैं मोती
जिस तराह सुर्ख़ गुलपर चमके है शबनम

गुलों ने बावुज़ू होकर ताज़गी पाई
ज़िक्र ख़ालेक का किया की हम्द सराई

सुबहदम शबनम ने वुज़ू का जो एहतोमाम किया
संूबूल सजदा रेज़ हूई शजर ने कियाम किया

अहेले गुलिस्ताँने इबादत का इंतेज़ाम किया
चिड्यों ने छेडा तराना तसबीह का इलतेज़ाम किया
हर फूल मुस्कुराया हर शाख़ लहेलहाई
आबे शबनम से हर एक ने हासिल की सफ़ाई

कमल के फूल सतेह आब पर मुसकुराने लगे
वह शबनमी मोती भी उन पर इतराने लगे

गुल व लाला व सब्ज़ा की शादाबी
हूई शबनम से इन की सैराबी

कितनी ख़ामूश, कितनी, फ़ैय्याज़ है शबनम
मोहब्बत की व मम्ता की लाज है शबनम

उस ने अहेले गुलीस्ताँ को दूध पिलाया है
जभी तो इस गुलिस्ताँ पे शबाब आया है

लाला वह गुल मे ठंडका का इंतेज़ाम है
शबनम क्या, खुलूस व मोहब्बत का पैग़ाम है

देखो कितनी हस्सास और बा हया शबनम
खुर्शीद के आते ही छूपने लगी शबनम

वह फ़ैजे शबनम का हर सू ख़ास व आम है
खुदा की एक नियमत मुफ़ीदुल अनाम है

32 तितली

वाह आशिक़े गुल का एक नया अंदाज देखना
हर लमहा मे कई रुख़ पर परवाज़ देखना
तेरा वजूद आईना ए चमन
हर नक्शे पर दास्ताने चमन
आराएशे चमन का तू बाब है
तेरा हूस्न चमन का शबाब है
गुल सद चाक को कितनी महेबूब है तू
हर चष्म कदरदाँ को मतलूब है तू
आराएशे चमन का तू बाब है
तेरा हूस्न चमन का शबाब है
हर नक़्श पर चमन का एक आईना सा है
और हर पर गोया एक गुलिस्ताँ सा है
मुन्हनी परवाज़ मे क्या जिंदगी अयाँ है
एक आन मे यहाँ एक आन मे वहाँ है

सादगी मे तेरी क्या खूबियाँ जमा हैं
न्हन्ने से वजूद मे फ़ितरत के निशाँ हैं.
तेरा मशग़ला एकतसाबे गुलशन
तू खोशा चींफ़े ज़ाने गुलशन
बढाई तूने शाने गुलशन
आफ़रीं है तुझ पर आने गुलशन
सानेक़ुद्रत की हसीं तखलीक है तू
न्हन्नी मुन्नी क्या बेहेतरीन मख़लुक है तू
न्हन्ने मुन्ने हसींन बच्चे जमीं के तारे
ताआक्क़ुब मेफिरते हैं मारे मारे
कोई परीख़ाने की हसींन मकलूक है तू
चमन के मकीनों का मतलूब है तू
आशिक़े गुल है तू भँवरा भी दीवाना
दोनों का वतन, यां आबोदाना
किस क़दर बला की चालाक है
हसीं और बहोत बे बाक है

33 दिल जलाव के रौशनी होगी

राज़ी होगा उन से रब्बे क़दीर
जिन को शैतॉं से दुश्मनी होगी

बख़्शवायेंगे उन्हें शाहे उमम
जिन के आज़ामें रौशनी होगी

सुबहदम हम आईना से पूछें
चहेरे पे क्यों खूब ताज़गी होगी

रक़्स होता रहेगा ऐश खानों में
तबीहे रब, सुनी अन सूनी होगी

लबे बाम बदरे कामेल की वह नैरंगियाँ
जमीं पे नूर की चादर तनी होगी

दायते शिराज़ा उडाएँगे अहेबाब
बज़्म रंगी मे, बना होगा बनी होगी

ज़ुलमते जहेल का दौर दयराह है
शमए इल्म जलाय केह रौशनी होगी

एतेराफ़े हक़्क़ से है जिन को गुरेज़
दिल मे सक़म उनके, कजी होगी

रोज़े महेशर अफ़रातफ़री मची होगी
हर नफ्स को अपनी पडी होगी

सब अबनाए आदम, भाई हैं शाकेर
ख़ुशी भी आपकी, अपनी ख़ुशी होगी

34 जूगनू

शामे बरसात मे हर तरफ़ व हर सू
जिधर भी देखिए बिखर गए जुगनू

शामे बरसात हमें बहोत भाई
जुगनोवों की बारात दि दिखाई

आवारा गर्द फ़िरतें हैं ये हवा में
अशरार है केह गोया उडतें है फ़िजा में

बज़मे आसमां की रौनक़ वह तारें
जमीं के लिए हैं हसीं ये नज़ारे

अनवार की वह बारेश है महेकते हूए चमन में
शब, मोती लुटा रही है महेकते हूए चमन में

कलियाँ चटक कर फूल बन रही हैं
जुगनू की बारात रक़्स कर रही हैं

काशानै चमन का आलम निराला
जुलमत के गले मिलता है उजाला

आतिष बाजी को आसमाँ पे देखा
ये भी देखलेना तुम जाके चमन में

रौनक़े गुलिस्ताँ के ये हैं सीमाब पारे
चष्मवासे देखो क्या हसीं हैं नज़ारे

ज़ुलमते शब कोईतक़रीब मना रही है
इस लिए परियों की बारात जा रही है


महफिले शब जगमगा रही है
रौशनी हर तरफ़ फैली हूई है

गर्दिश मे ऐसी सुरअत देखी नही किसी की
एक आन मे तेज़ हरकत देखी नही किसी की

हरकत मे जिंदगी समझाए जारहें हैं
उफ़क़े जहाँ पर वह छाए जा रहें हैं

क़ुदरत का देखिए ख़ूब इंतेज़ाम
मन्ज़रे हसीं में है लुतफ़े दवाम

शाकेर के दिल पर इस का असर है
क्या ख़ूब मन्ज़र हुसने नज़र है



35 बरसात

ये हसीं रुत बरसात की जब आई
हर सू कली कली बहोत मुस्कराई

बादल घिर के आए हैं आसमां पर
अंधेरा छा गया हर सू फ़िजा पर

देखो घनघोर घटाएँ उमड उमड के आरही हैं
बादल गरज रहें हैं और बिजल्याँ चमक रही हैं

थोडी ही देर मे वह देखो बारेश का समाँ
ये ठंडी ठंडी हवांएँ और बादो बाराँ

चमक के साथ वह देखो मुसलसल बारेश हो रही है
ये जमींन पे जल थल तेज पानी की रौ बहे रही है

है बाग़ व बहार का ज़माना बरसात का ज़माना
कोयल यहाँ कूकती है वहाँ बुलबुल का आशियाना

सब्ज़ा लहेलहाया और हर कली कली मुसकुराई
मैदाँ मे क़ुदरत ने मख़मली चादर बिछाई

उफ़के आसमां पर धनक की नौरंगियाँ
नीचो बाग़ो मे झूले और रंग रलयाँ

अभी तक तप रहें थे जमीं व आसमाँ
उस की रहेमत ने डाली जाँ मे जाँ

सूखी ज़मीं ख़ूब सैराब हूई है
ठंडक आई गर्मी नायाब हूई है

ख़ुन्क और ठंडी ठंडी हवाएँ
पाणी बर्सा निखर गई हैं फिज़ाएँ

पपीहे की पी कहाँ दिल को भाई
वह मेंडक के टर्राने की सदा आई

ताऊस रक़्साँ हैं सहेरावों में
तयूर चहेचाहते हैं फिज़ावों में

हर सू सब्ज़ा है कोह व बियाबाँ पर
मख़मली चादर बिछी है मैदाँन पर

देख कर आमदे बादव बाराँ
ख़ुश हो गया ये ग़रीब दहेकाँ

मुर्दा ज़मीं में ख़ालेक़ ने जॉन डाली
ख़ुश है हर पत्ता पत्ता डाली डाली

मखलूक़े ख़ुदा मुंतज़िर थी इस की
हर शजर वह हजर को चाह थी इस की

36 धनक

देखो फ़िज़ा बाराने रहेमत से किस क़दर धुल गई
ये सब्ज़ा ज़ार जाग उठा और हर कली खिलगई

शुआए ख़ुर्शीद ने ख़तरों से हाँ
वह देखो हसीं बनादी है कमाँ

नीले शफ़्फ़ाफ़ आस्माँ पर खुर्शीद ख़नदाह ज़न
वाह मुक़ाबिल में दिखाई उस ने अपनी भबन

देखो नज़ाराह धनक कितना प्यारा प्यारा है
हर छोटा बडा इस क़दर महवे नज्ज़ारा है

ये सत रंगी धनक सब को भाई
हर निगाहे पुर शौक़ का दिल लुभाई

रंगो का अंदाज तो देखो किस क़दर मिल रहे हैं
मोहब्बत से मिल कर गले वहबाहम फिसल रहें हैं

ज़ीनते फ़लक खूब बढाती है धनक
वक़्ते मुख़्तसर के लिए आती है धनक

थोडी देर मे वह रंग हवा होजाएंगे
देखते ही देखतें मुनतशर फ़िज़ा होजाएंगे

जिंदगी भी है इस तराह बहारों का रंगीसमाँ
कुछ कर ले शाकेर, वरना पछताए गा कल वहाँ

37 शजर कारी

देखो बर्खा का मोसम कितना सुहाना है
अब तो हमें शजर और पौदें लगाना है

दरख़्त और पौंदो से राहत मिले गी
वह फल फूल देंगे और ठंडक मिलेगी

इन के साये मे दम लेंगे सब इन्साँ
धूप और लूसे बचाएंगे वह जाँ

परिंदे चहेचाहेंगे उनकी डांलियों पर
वह बसेरा भी लेंगे उन की डलियों पर

जिस ने पौदा लगया क्या बडा काम कर गया
खुद पर आने वालों पर एहसान कर गया

पुर्खोने कभीं जो लगाए थे पौदे
घने पेड बन गए आज वह पौदे

ताज़ा हवा मे क्या मज़ा आ रहा था
वरना आलूदगी से दम घुटा जा रहा था

हवा साफ़ होगी और बारेश ख़ूब होगी
जमीं ज़रखैज़ और ख़ूब मज़बूत होगी

अब दरख़तों को हर सू लगाएंगे हम
हर ख़ित्ताए वीराँ को चमन बनाएंगे हम

शाकेर, तुम भी ग़फ़लत में ना रहेना
वरना गुज़र जाएगा बारिश का महीना

38 जनाब मौलवी सहाब

तबियत जो घबराई चले आए जनाब मौलवी सहाब
लिए तावीज़ लिखाई चले आए जनाब मौलवी सहाब

सब के नौ मौलूद को अज़ाँ के लिए आएँ जनाब मौलवी सहाब
रसमें अक़िक़ा के लिए भी बख़ूशी आएँ जनाब मौलवी सहाब

तसमिया ख़ानी के लिए आएँ जनाब मौलवी सहाब
फिर निकाह ख़ानी के लिए आएँ जनाब मौलवी सहाब

कुरआन पढाएँ तो जनाब मौलवी सहाब
गुस्ल भी सिखाएँ तो जनाब मौलवी सहाब

ख़ुतबा पढाने के लिए जनाब मौलवी सहाब
इमामत के लिए आगे हैं जनाब मौलवी सहाब

ईमान सिखाने के लिए जनाब मौलवी सहाब
ईमान बचाने के लिए जनाब मौलवी सहाब

क़रीबुल मर्ग वक़्ते निज़ा सुरैह यासीन तिलावत के लिए
बिला तकल्लुफ़ व बख़ुशी चले आएँ जनाब मौलवी सहाब

गुस्लें मय्यत को दिलाएँ तो जनाब मौलवी सहाब
क़बर तक पहोंचाने आएँ तो जनाब मौलवी सहाब

फ़ातिहा के लिए तय्यार हैं जनाब मौलवी सहाब
इस काम मे बडे हुशयार है जनाब मौलवी साहब

हर तक़रीबे शादी वह ग़म में हैं दिल से वह शरीक
कितने मोईन व मददगार हैं जनाब मौलवी सहाब

पिदरे मोहतरम

पिदरे मोहतरम तुम्हें पाऊंगा किस तराह
वह गोहरे नायाब दिखलाऊंगा किस तराह
अब दिल को अपने समझाऊँगा किस तराह
अब अब्बा जान को बतलाऊंगा किस तराह

पिदरे मोहतरम तुम कहाँ पर चले गए
हम सब को बहोत रुला कर चले गए

सब मिलतें हैं आप की तसवीर नही मिलती
और भटक रहा हू कोई तन्वीर नही मिलती
बे मिसल मोहब्बत की तासीर नही मिलती
ममता और उलफ़त की नज़ीर नही मिलती

पिदरे मोहतरम तुम कहाँ पर चले गए
हम सब को बहोत रुला कर चले गए

तुम्हारी शक्ल से अजीब ताज़गी मिली मुझको
तुम्हारी ज़ीस्त से एक जिंदगी मिली मुझको
गुम करदाह राहों में रहेबरी मिली मुझको
मीनारे नूर से एक रौशनी मिली मुझको

पिदरे मोहतरम तुम कहाँ पर चले गए
हम सब को बहोत रुला कर चले गए

तुम्हें देख कर फूला नही समाता था
बहोत ही नाज़ से में मुसकराता था
एक इशारे पर हूकुम बजा लाता था
कहीं सर और आप के पाऊँ दबाता था

पिदरे मोहतरम तुम कहाँ पर चले गए
हम सब को बहोत रुला कर चले गए

बहोत ही दुःआएँ साथ है फिर भी
तख़य्युल की दुन्याँ आबाद है फिर भी
अश्को का जहाँ आबाद है फिर भी
और सआदत पर मुझ को नाज़ है फिर भी

पिदरे मोहतरम तुम कहाँ पर चले गए
हम सब को बहोत रुला कर चले गए

40 माँ की अज़मत

आज तक तुझसा मेहरबाँ कभी देखा नही
ऐसा मोहब्बत का निशाँ कभी देखा नही

मेरे वजूद का तू बायस बनी
परवरिश का मेरे बायस बनी

तेरे ममता के साए मे मैं तो बढता रहा
तेरी आग़ोश मे पल कर जवाँ होगया

तेरे शीर व आग़ोश का कोई मुतबादल नही
तेरे लाड व प्यार का कोई मुतबादल नही

तू मसीहा है मेरे दर्द वह आज़ार में
तू तसकीन दिल है मेरे इफ़कार में

मेरे मुस्तक़बिल की तू खै़र ख़्वा थी
मेरी भलाई वह फ़लाह तेरी चाह थी

इस जहाँ मे तुझ सा कोई पाया नहीं
तेरी ममता का हासिल कोई साया नहीं

आज तक मुझको वह लज़्ज़त के निवाले याद हैं
तेरी शफ़क़त वह मोहब्बत के निवाले याद हैं

तेरे क़दमो तले मेरी जन्नत है
तेरी ख़ुशी मे मुझ को राहत है

शादाबिये चमन तेरी दुःआओं से है
दर्खशानीय गुलशन तेरी दुःआओं से है

तू निगरां थी मेरे उन कमालात की
तू निगेहबां भी थी मेरे अख़लाक़ की

तू ख़ैर खवाह थी बेशक मेरी ज़ात की
और मलजाव मावा थी मेरी आस की

तेरे वजूद से ये जहाँ रौशन है
हर सू बहार है महेकता हुवा चमन है

तेरा वजूद ग़निमनत है दिल व जाँ के लिए
एक रहेनुमा तो चाहिए कारवाँ के लिए
तेरे बग़ैर ये कशती बे पतवार है
तेरे बग़ैर ये ज़िंदगी दुशवार है

रब ने मूसा (अ) को यूँ मुख़ातिब किया
संभल कर चलना ऐ मूसा तुम ज़रा

दुःआ ओंके लिए अब कोई सहारा नही
वह माँ मर चुकी, जिस से कोई प्यारा नही

हर मुहीम के पीछे तेरी जात थी
हिम्मत थी ताक़त थी आवाज़ थी

फ़रमाने रब्बी तेरी ताईद में है
फ़रमाने नबी तेरी ताईद में है

माँ पर किसी और को तरजीह ना देना
वरना ताज़ीस्त पडेगा रोना

माँ बाप का जिस जिस पर इताब हुवा है
वह ना कभी सर सब्ज़ और शादाब हुवा है

हुकुम उफ़ करने का तुम को हरगिज नही है
तेरी तकलीफ़ गवारा हरगिज़ नही है

माँ की अज़मत

वह दो जहाँ मे सुर्ख़ रू जिसको तू दुःआ दे
वह बद बख़्त नामुराद हु जिस को तू बददुआ दे

तेरी वह दुःआ फ़ैसल है दो जहाँ में
ज़ालिम को पनाह नही है दो जहाँ में

पैम्बार औलियाह कलंदर और शाह
सब तेरी गोदी मे पले बढे हैं

हर दीन वह मज़हब तेरे मद्दाह खाँ
तेरी पाकीज़ा मोहब्बात के है सब सना खाँ

वह ख़ुश नसीब हैं जिन पर तेरा साया है
वह रोता है जिस ने तुझ को खोया है

हुक़ूक़ के बारे में डरो रब से
और हुक़ूक़ अदा करो सब के

भाइयो सब के हुक़ुक़ सब को देदेना
मगर माँ पर किसी को तरजीह ना देना

जो इस नियमत से महेरूम इस की तलाफ़ी
मुसलसल तौबा व अस्तगफ़ार व माफ़ी

शाकेर भी अर्ज़ करता है बचष्म पुरनम व नाशाद
भाइयो मेरी माँ को रखना दुःआओं में याद

41 हुब्बे वतन

वतन की मोहब्बत निस्फ ईमान है
ये नबिए रहेमत का फ़रमान है
वतन पर तो सब कुछ कुरबान है
वतन की मोहब्बत की येह पहेचान है
वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

इस ख़लाई दौर में हम पीछे कहाँ
सफ़र जारी रहेगा सूए आसमाँ
पृथ्वी अग्नी वह आग्या भट
मसाई कहाँ होगी येह राएगाँ
वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

जन्नत का मज़ा मिलता है बिया बॉ व बन में
गुलज़ार खिला रहेता हैं हर कोहे सहेन में
लबरेज़ है क्या मेहेर व वफ़ा गंग व जमन में
क्या क्या नही मिलता बता मेरे वतन मे
वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

घटाँवों को साथ साथ लिए आती बर्खा
कोंदती है बिजली इस तारीक गगन में
कूकती है कोयल बियाबाँ व बन में
रक्साँ हैं ताऊस सहेरा व बन में
वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

परिन्दों की चहेक व गुलज़ार का महेकना
लाला व गुल से वह सहेराह का दहेकना
आफ़ाक़ मे चाँद सितारों का चमकना
खेतों मे फ़स्लों व सब्ज़े क़ा लहेकना
वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

बर्फ़ पोश ऊंचे कुहसार के सिलसिले
येह जंगलात व अशजार के सिलसिले
येह मौसम व बाग़ व बहार के सिलसिले
येह औलियाह और औतार के सिलसिले

हुब्बे वतन

अमन वह शांती रिवायत है इस की
दोस्ती वह मोहब्बत आदत है इस की
सभी को समोना सीरत है इस की
रवादारी प्यारी ख़सलत है इस की

वतन की मोहब्बत है जान व तन
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

ऐ मेरे वतन की प्यारी ज़मीं
जहाँ मे तेरा कोई सानी नहीं
बहोत ही पुराने हैं तेरे मकीं
सदियों से बसतें आए हैं यहीं

वतन की मोहब्बत है जान व तन
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

तहेज़ीब व तमद्दुन का येह गेहवारा
उफ़के जहाँ पर अमन का सितारा
हर भारती की आँख का है तारा
देश हमारा, बहोत प्यारा प्यारा

वतन की मोहब्बत है जान व तन
बुलबुल है शादाँ आपने चमन मे

क्या आमदे बहार है गुलज़ारे चमन में
फूलों पे निखार है गुलज़ारे चमन में
बुलबुल भी चहेकती है गुलज़ारे चमन में
बादे सबा चलती है गुलज़ारे चमन में

वतन की मोहब्बत है जान व तन
बुलबुल है शादाँ अपने चमन मे

गाँव से आबाद है जमीने वतन
जरखेज़ पुर बहार है ज़मीने वतन
फ़सलों सें गुलज़ार है ज़मीने वतन
सोलाह सिंगार है जमीने वतन

हुब्बे वतन

वह घंघोर घटाओं का येह मसकन
कोयल की सदावों का येह मसकन
रुह परवर फ़िजावों का येह मसकन
हसीन दिलरुबावों का येह मसकन

वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

सरहद की हिफ़ाज़त का जो काम करते हैं.
मुल्क व क़ौम का रौशन वह नाम करते हैं.
वतन की तारीख़ मे दर्ज वह नाम करते हैं.
हम इन सपूतों का का एहतराम करते हैं.

वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

वह से सिम्त साहिल क़ुदरती सहारा
जानिबे शुमाल हिमाला संत्री हमारा
दकन मे एलोरा व अजंता हमारा
लाल किला व ताज हैं जमना किनारा

वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

कहाँ गांधी वह नेहरु से मुहिब्बे वतन
काश मिल जाएँ ऐसे अमन के निशाँ
और सब अहेले वतन हों शादाँ वह फरहाँ
और येह गीती बने जूँ जन्नत निशाँ

वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

मुख़तलिफ़ मज़ाहिब व जबाँ इस की शान
इख़तेलाफ़ में वहदत है इस की पहेचान
एक जहेती व अख़ुव्वत में है इस का नाम
अबुल कलाम और कलाम, इस की ज़बान

वतन की मोहब्बत है जान व तन में
बुलबुल है शादाँ अपने चमन में

ग़ज़ल २१

सद इफ्तेकार	बुहुत ज्यादा नाज़, फख़र
माशूक	जिससे मोहब्बत की जाती है
शबे इंतेजार	इंतेज़ार की रात
अद्ल	न्याय
मुस्तईद	सावधान, तय्यार
खुमार	नशा
जामे इश्क़	मोहब्बत का जाम

ग़ज़ल २२

अहेलेनज़र	परखने वाले
अहेलेहुनर	हुनर वाले
शाह	बादेशाह
शाहगर	बादेशाह बनाने वाले
सदफ़	सीपी, शंख
निहाँ	छुपा हुवा
गुहर	मोती
हीच	कमतर, छोटा, मामूली
रिश्ते दर्द	हमदर्दी
फ़रोग देना	बढावा देना
सई पहैम	लगातार कोशिश
ज़ेर व ज़बर	बर्बाद, नाबूद
अज़ीज़	रिश्तेदार
दिल व जिगर	प्यारे
सुर्ख़रू	मशहूर
बामुराद	कामियाब
मुती	आदेश का पालन करने वाले
मंजूरे नज़र	प्यारे, पसंदीदा

अभिप्राय

मौलवी मु. ज़ुबेर अहमद साहब (B.Sc.,M.A. B.Ed.)

ईसार व क़ुर्बानी	बलीदान
पिनहाँ	छुपे हूए
सहेर अंगेज़	जादूभरे, असर करने वाले, प्रभावित करने वाले
मुहिब	प्रेम करने वाला
तालेब	चाहने वाला
मतलूब	जिससे प्रेम किया जाता है, जिसकी चाहत हो
मलकूती तखय्युल	पाकीज़ा ख़्याल व सोचने का ढंग
तहरीक	किसी काम या उद्देश को हासिल करने का जज़बा
बदरजा अतम	मुकम्मल तौरपर, पुरी के पुरी

दुआ

सरकार (स.ह.)	हजरत मोहम्मद वैगंबर (स.अ.स.)
हूसूल	हासिल करना
रिज़्के हलाल	खरी कमाई
शेवा	काम
कारुन	कंजुस
अद्ल	न्याय
अद्ल फ़ारुकी	हज़रत उमर फारुख़ (रजि.) का न्याय
पेशेनजर	समक्ष
मन्जूरे नज़र	पसंद
नक़्श फिरऔन	फिरऔन की तऱ्हा
हवाए तुन्द	नामुनासिब व परेशानी की फिज़ा, माहोल
दुख्तरान	बेटीयाँ
हव्वा	हज़रत आदम अ. की बीबी
राहत	आराम, खुशी
अरजाँ	सस्ता
अक्साए आलम	संसार
अमनकी दौलत	खुशहाली की दौलत
इताअत	आदेश का पालन करना
सरबसुजूद	सजदे में
मक़बूल	मंजूर, कुबूल
नौनिहालाने चमन	नौजवानाने आलम
तौफ़ीक़	हिदायत
शीर व शकर बनके रहना	मिलजुल कर रहना
ख़िदमत	सेवा
ख़िदमते ख़ल्क़	जनसेवा
अहलेवतन	देशवासी
जहाँ	संसार

आँखें

आँखें कुदरत का क़ूब अतिया कारख़ानाए बदन में
कायनात का मुशाहेदा होता है चष्मे ज़दन में

जब चष्मे करम होता है रब्बे क़दीर का
चहेरे पे हूस्न और यह अन्वार हैं आँखें

जज़बात की येह आईना दार हैं आँखें
कभी यह शबनम कभी यह शोला बार हैं आँखें.

कभी एक़रार हैं आँखें कमी इन्कार हैं आँखें
क्या कुदरत है ख़ुदा की शाहकार हैं आँखें

रूह व बदन की निगराँ कार हैं आँखें
कितनी प्यारी कितनी, ग़मगुसार हैं आँखें

चहेरो पे हुस्न व येह निखार है आँखें
क्या कुदरत हैं ख़ुदा की शाहकार है आँखें

सद आफ़रीं है उन आँखों पर यारो
जो क़ौम व मिल्लत के लिए अश्कबार हैं आँखें

कितनी मुसतइद कितनी बेक़रार हैं आँखें
सरहद व नामूस की चौकीदार हैं आँखें

कभी प्यासी मोहब्बत की तलबगार हैं आँखें
महेबूब के लिए, सरापा इन्तेज़ार हैं आँखे.

कभी मुज़महिल कमी बीमार हैं आँखे
कभी दरपै वह आज़ार हैं आँखे

होती हैं जब वह चार आँखें
दिल दे बैठीं, वह यार आँखें

सर सय्यद ने क्या पते बात कही
दोंनो, दुल्हन की सिंगार हैं आँखे

कभी मदहोश हैं, पुर ख़ुमार हैं आँखे
एहसासे नदामत से शर्मसार हैं आँखे

वह शूख़ी व चंचल और वह अदाएँ
शूख़ी व शरारत का इज़हार हैं आँखे

नज़र झुकाके चलो ज़रा शाकिर
वर्ना आह ! यह बेकार हैं आँखे

आँखे

चश्मेज़दन	पलक झपकनेतक
आईनादार	ज़ाहेर करनेवाली
शोलाबार	आग बरसाने वाली, क्रोधमें
शाहकार	कारनामा
अश्कबार	ऑन्सू बहाने वली
तलबगार	चाहने वाली
मुज़महिल	कमज़ोर
दर पैआज़ार होना	दुख पहूँचाने के लिए तय्यार होना
पुरख़ुमार	नशेमें

गज़ल 9

ख़ूए वफ़ा	वफ़ादारी, इताअत, आदेश का पालन करना
अदा	खूबी, अख़लाक़
दयारे ग़ैर	अल्लाह तआला के सिवा और किसी के द्वार
रूस्वा होना	ज़लील होना
सायल	भिकारी
जव्वाद	दान प्रदान करनेवाला
लुत्फ़ व अता	मेहेरबानी, दया धर्म
लज़्ज़त	मज़ा
अहदे वफ़ा	वफ़ा दारी का वचन
बज़्म	संसार, दुन्या
मन्शा	इच्छा
इलाह	अल्लाह तआला
वक़्ते कज़ा	मौत का वक़्त
विरसय मग़रिब	मगरिबी कौम की गंदी तहज़ीब
दिल से अज़ीज़ रखाना	दिलसे चाहना
हुस्ने अदा	अच्छे अख़लाक़
दावते जिक्र	नमाज़ के लिए बुलाना
रब का मुनादी	अल्लाह के घर मस्जिद को नमाज़ के लिए बुलाने वाला
मौज़्ज़न	अज़ान देने वाला
सदा	आवाज़

43 सहेर ख़ैज़ी

सुबहदम परिन्दे चहेचाह रहे हैं.
खुदा की तारीफ़ के गुन गा रहे हैं
ठंठी हवा के झोंके आ रहे हैं
मुर्ग़ भी बांग दे कर जगा रहे हैं

सहेर ख़ैज़ी खुदा की नियमत है
देर तक सोना बुरी आदत है

क्या रुह परवर हवा आरही है
नसीमे सहेर सब को जगा रही है.
शमा की लू भी झिलमिला रही है.
वह मौज़्ज़न की सदा भी आ रही है.

सहेर ख़ैज़ी खुदा की नियमत है
देर तक सोना बुरी आदत है

इबादत ख़ाने जाग उठे हैं
रब के दिवाने जाग उठे हैं
मस्जिद जाने वह जाग उठे हैं
रब को मनाने जाग उठे हैं

सहेर ख़ैज़ी खुदा की नियमत है
देर तक सोना बुरी आदत है

सुबाह सवेरा हुवा चाहता है
उजाला ग़ालेब हुवा चाहता है
वक़्ते फ़जर ख़त्म हुवा जाता है
नादाँ बता तू क्या चाहता है

सहेर ख़ैज़ी खुदा की नियमत है
देर तक सोना बुरी आदत है

ऑह । वक़्ते सुबाह येह संसान गलियाँ
ख़ामूश हैं मिसले शमशान गलियाँ
खुदा के बन्दों की हैरान गलियाँ
रहेमत से ग़ाफ़िल परेशान गलियाँ

सहेर ख़ैज़ी खुदा की नियमत है
देर तक सोना बुरी आदत है

सहेर ख़ैजी की बरकत बतादो ना इनको
खुदा की रहेमत का पता बतादो ना इनको
खुदा व रुसुल से मिलादो ना इनको
बैठे हो क्या अभी सदादो ना इनको

सहेर ख़ैजी खुदाकी नियमत है
देर तक सोना बुरी आदत है

रुबाइयाते शाकेर

यारब तू हम पर कितना मेहेरबान है
तेरी शफ़क़्क़त वह रहेमत हर आन है
वाए ! अफ़सोस हाए ! मजबूरी
शुक्र के लिए, फ़क़्त एक जबान है

बा ज़ौक और बा तमीज़ को देखा
क़दर दाँ और खुश नसीब को देखा
दिल बाग़ बाग़ हुवा मिसले बाग़े इरम
एक हातिम और खुश नसीब को देखा

मादरे गीती से एकतसाबे फ़ैजान करो
दरख़्त लगाव अमन का क़ियाम करो
नही है यह ख़वाने नियमत के सिवा
सब खाव मिलकर, शुक्र मुदाम करो

ताक़त व जमाल संभाल कर रखना
मिल्क व माल संभाल कर रखना
इन्सान मुकल्लफ़, हैवाँ हैं आज़ाद
इफ़्फ़त को अपनी संभाल कर रखना

पुख़्ता है नज़मे क़स्सामे अज़ल
नही किसी का इस मे कोई दख़ल
कोई शाह और कोई बोरिया नशीं
नादाँ शिकवाह व शिकायत बेमहेल

सुकूँ नहीं, रब की इताअत के सिवा
नाक़िस है ईमान रिसालत के सिवा
कलमे हक़्क़ को दिल व जाँनशी करले
ईमान नही सुन, क़लमेहक़ के सिवा

रुबाइयाते शाकेर

दर्द उठता है दवा रहेने दो
उनका तोहफ़ा है सजा रहेने दो
ग़मे फ़िराक़ से इबारत है जिंदगी
दास्ताँ का सिलसिला है रहेने दो

सवँरते और बिखरते मन्जर देखे
इन्क़लाब ज़माना और बहर व बर देखे
फ़क्त एक पल मे जो पल्टी काया
शाह वह गदा फिर बराबर देखो

समझना किसी को हीच बुरी बात है
अकडना बिगडना बुरी बात है
तकब्बुर ने किया शैताँ को लई
ग़ुरूर व तकब्बुर करना बुरी बात है

फ़र्ज औरत का इताअत करे शोहर की
इसी में ख़ुशी है ख़ुदाए बर्तर की
टकराव में होता है ख़ाना ख़राब
अच्छी बीवी ज़ीनत है सारे घर की

एक रात मैं ने एक ख़ाब सुनेराह देखा
फिर वक़्ते सुबह दमक्ता चहराह देखा
नसीमे सहेर क्यो नाज़ से इत्राने लगी
शाख़े गुल पर न्हन्ना सा फूल रुपेहरा देखा

बग़ैर कमली के रात गुज़र जाती है
बगैर छत्री के बरसात गुज़र जाती है
शेवए मोमिन है राज़ी ब रज़ा रहना
जल्द ही मसाइब की रात गुज़र जाती है

सुबुकदोशी	रिटायर मेंट
असरी	दुन्या की
फायज़ करना	नियुक्त करना
रब्त	संबंध
तक़ाबुल	काम्पिटीशन
फ़नेसखुन	शायरी
जिलादेना	चमकादेना, तरक्की देना
नविश्ता दीवार	दीवार पर लिखा हुआ
तआस्सुर	असर, परिणाम
अक्स छोडना	असर छोडना
विर्सा	बाप दादा से मिली हूई
महजूज़ करना	खुश करना
अय्याम	दिन
फ़िलबदीह	फौरन, उसी वक़्त
दाद देना	शेअर सुनकर तारीफ़ करना
बायसे बरकत	बरकत का जरिया
मजाहेरे कुदरत	कुदरत की निशानियाँ
ख़ालेक़	पैदा करने वाला
मुहसिने इन्सानियत	इन्सानियत के मुहसिन एहसान करने वाले पैग़मबर हज़रत मुहम्मद (स.अ.स.)

अभिप्राय

मौ. मु. अय्युब साहब कास्मी

बामे उरुज पर	तरक़्की पर
तखय्युलाती पहलू	वह पहलू जिसमें सोच समझकर अपने दिली ख़्यालात को अच्छे ढंग मे पेश किया जाए
माफ़ीउज़्जमीर का अदा करना	दिली जज़बात व ख़्यालात को ज़ाहेर करना
हजो	अपमान
मदह	तआरीफ़
मुख़्तलिफ़ ज़ाविए	अलग अलग ढंग
शायराना तख़य्युल	शायराना सोचने का ढंग, अदाज़
विजदानी कैफ़ियत	जो कैफ़ियात वज़जबात और नज़रिआत उसमें और उसकी सोसायटी मे पाए जाते हों
मुनहसर	दारोमदार
जंगजुयाना तख़य्युलात	ऐसी शायरी जिसमे जंग और उस माहोल वाली बातें हों
सुफ़ियाना	धार्मिक
मुरक्कबे इम्तेज़ाज	दो अलगअलग चीज़ों का मुरक्कब

अदुवाने हक	हक के दुश्मन
हिदायत	सीधा रास्ता हमेशा की काम्याबी दिलाने वाला रास्ता
बन्दानवाज़ी	बन्दे को नवाज़ना, इनाम देना
सरफ़राज़ी	इनायत, मेहेरबानी
रुह फूंकना	जिंदाकरना
औज़ान	वजन की जमा
रदीफ़ व काफ़िया	शेअर के दो भाग
मुहिब्बेवतन	देश भक्त
शादाँ व फरहाँ	खुश
जूँ	जैसी
वहदत	एकता, एकजहती
एखतेलाफ़	अलग अलग होना मज़हब, ज़बान रंग व नसल का फ़र्क़

आँखे

अतिया	नजराना
कायनात	दुनिया
चष्मे ज़दनमे	थोडी देर मे (पलक झपकने तक)
चष्मे करम	करम की नज़र
रब्बे क़दीर	अल्लाह तआला
जज़बात की आईनादार	जज़बात का इज़हार करने वाली
मुस्तइद	तय्यार
नामूस	इज़्ज़त
तलबगार	चाहनेवाली

सहेर ख़ैजी

सहेर खैज़ी	सुबह जागना
सदा देना	आवाज़ देना

रुबाईयात

रुबाई	दो शेअर वाली कविता
शुक्र	एहसान
बाज़ौक़	ज़ौक वाला, ज़ौक, छंद
बातमीज़	तमीज़ वाला

जिंदगी क्या ही हसीं मालूम होती है
दिल में सुकूँ ख़नदाह जबीं मालूम होती है
शिक्वे हालात क्योंकर करें शाकेर
तेरी रज़ा जब मेरी खुशी मालूम

बन्दे की बन्दा नवाज़ी तूने की है
इस ख़ाकी पर सरफ़राज़ी तूने की है
जिस्म व जाँ देकर रूह फूँकी
दौलते ईमाँ अता तूने की है

अहेले ग़ीबत हायक्या सितम करते हैं
अहेले जहन्नुम में नाम अपना रक़म करते हैं
खुदा व नबी (स.) की डाँट फटकार फिर भी
अपनी हरकात को कहाँ कम करते हैं

शेअर व शाएरी के अवज़ान कहाँ से लाऊँ
रदीफ़ व क़ाफ़िया की मीज़ान कहाँ से लाऊँ
फ़ने अरुज़ लाज़मी और ज़रुरी है मगर
रहेनुमा, मुसलेह मेहेरबान कहाँ से लाऊँ

अख़लाक़ का दामन ना छोडें हरगिज़
येह आदत है अहसन ना छोडें हरगिज़
अदुवाने हक़्क़ ने भी हिदायत पाई
है येह सरकार का मख़ज़ ना छोडें हरगिज़

तिफ़ली देखी और अहदे शबाब देखा है
और वक़्ते पीरी आफ़ताब देखा है
अज़्म व हौसला ने फिर से जवानी बख़्शी
मौला करम तेरा, बेहिसाब देखा है

अद्ल मग़मूम शराफ़त मातम कनाँ है
तेरी मख़्लूक यारब क्यो परेशाँ है
बस एक बात सूरज की तराह है रौशन
आफ़ात में आमाल का परतव अयाँ है

अभिप्राय

मौलवी मु. ज़ुबेरअहमद साहब (B.Sc.,M.A. B.Ed.)

उर्दू दाँ	उर्दू जानने वाले
शेअर फ़हेम अर्ज़ करना	शेअर को समझने वाले
मिज़ाह	विनोद
सखुन	शायरी व अदब
असनाफ़	प्रकार
मर्दुम खैज़	फनकार व लायक लोगों को पैदा करनेवाली धर्ती
वाबस्तगी	तआलुक़
वतनेसानी	दुसरा वतन
इल्म व अदब का गेहवारा	इल्म व अदब का केंद्र, मर्कज़
बहुस्न व खुबी	अच्छी तऱ्हा
वाक़ेफ़	जानने पहचानने वाला
मुलाज़िमत	नौकरी
ज़ातेआली	शख़सियत
क़ारीईन	पढने वाले
सामेईन	सुननेवाले
दादे तहसीन	तारीफ़
पज़ीराई करना	आव भगत करना, सलाहियत को मानना
मोमिनाना फ़ज़ा	इस्लामी माहोल
बुज़ुर्ग हज़रात	पुज्य, बडेलोग
मुआविन	मददगार
अज़्मेजवाँ	पक्का इरादा
आहनी दीवार	मज़बूत दीवार, लोहे की दीवार
इनफ़िरादियत	ऐसी खूबी जो दुसरों में कम देखने को मिलती है
खुदाबीनी	खुदाको पहचानना
खुदाबीनी	खुदको पहचानना
जहाँबीनी	संसार को पहचानना, ज़माने के उतार चढाव
वारेदाते क़लबी	दिल में पैदा होनेवाले ख़्यालात व जज़बात
खुलूस	सच्ची मुहब्बत, प्रेम

गर्दिश मुदाम	लगातार गर्दिश, सदा हरकत में
तस्ख़ीर	फ़तह करना, जीतना
मुब्तदी	सीखने समजने, की अभी इबतेदा है
शऊर	समझ
निगाहे पुरसहेर	जादू भरी निगाह, असर करणे वाली निगाह

हम्दे बारी तूनेभेजे नबीए रहमत (स.) अल्लाहाकी तारीफ़

नबीए रहेमन (स.अ.स.)	हज़रत मोहम्मद (स.अ.स.)
बुरहान	निशानियाँ
फ़िदा होना	दिलो जान से चाहना
अशरफ़	वारिष्ठ, बडा
तौफ़ीक़	निर्णय
अर्ज़	ज़मीन
समां	आकाश, अंबर
लामकान	परलोक
नबी दो आलम (स.अ.स.)	हज़रत मोहम्मद (स.अ.स.)
एनान	बाग डोर
साहेल	सागर का किनारा
रोज़ी रसाँ	रोज़ी पहोंचाने वाला
मुशफ़िक व मेहेरबाँ	अति दयालु
आब	पाणी
आतिश	आग
बाद	हवा
ख़ाक	मिट्टी
मज़हर	निशानीयाँ, प्रतीक, अज़मत व बढाई के निशान
बाद व बाराँ	हवा और बारिश
नूरी	प्रकाश से बनी हुवी (दूत)
नारी	आग से बनी हूई (जिन)
ख़ाकी	मिट्टी से बनी हूई (इन्सान)
फ़रहाँ व शाँदा	खुश, आनंदित
लब्रेज़	भरा हूवा

ग़ज़ल

कई अहलनज़र कई अहले हुनर होते है.

अहेलेनज़र	परखने वाले
अहेलेहुनर	हुनर वाले
शाह	बादेशाह
शाहगर	बादेशाह बनाने वाले
सदफ़	सीपी, शंख
निहाँ	छुपा हुवा
गुहर	मोती
हीच	कमतर, छोटा, मामूली
रिश्ते दर्द	हम दर्दी
फ़रोग देना	बढावा देना
सई पैहम	लगातार
ज़ेर व ज़बर	बर्बाद नाबूद
अज़ीज़	रिश्तेदार
दिल व जिगर	प्यारे
सुर्ख़रु	मशहूर
बामुराद	कामियाब
मुती	आदेश का पालन करने वाले
मंजुरे नज़र	प्यारे, पसंदीदा

ग़ज़ल

बहार व चमन के लैल व नहार मेरे हैं.

लैल व नहार	रात व दिन
आसार	निशानियाँ
बदरे कामेल	चौधवी रात का चाँद
खुर्शीद	सूरज
सहेरा	जंगल
गुलज़ार	चमन
आबेद	इबादत करने वाला
ज़ाहेद	अल्लाह से डरनेवाला
रफ़ीक़	दोस्त, मित्र
गुन्हागार	पापी
दिलनशी बज़्म	सुंदर संसार
संगे राह	रासदे का पत्थर
रहेबर	रास्ता बताने वाला
लायक़े एतेबार	भरोसे के क़ाबिल
ख़ारज़ार	कांटेदार झाडीयाँ
हासिले ज़िस्त	जिंदगी का मक़्सद
रहेमतेकिरदगार	अल्लाह की रहेमत

योमे आज़ादी

योमे आज़ादी	देशकी आज़ादी का दिन (१५ अगस्ट)
नियमुल बदल	अच्छा बदला
मआयब	कमजोरियाँ, कमी
हीचमदाँ	कमतर, नाचीज़
अफ़ादियत	फ़ायदा
तसलीम करना	मानना,
सूदमंद	फ़ायदामंद
मुताला करना	पढना
कुहना मश्क़	पुराने, बहुतज्यादा तजरुबा रखनेवाले
नज़रे सानी	जांचना
बायसे तशक्कुर	शुकरिए के लायक़
तहेदिल सें ममनून	दिलसे शुक्रगुज़ार होना व मशकूर होना

अभिप्राय

मौ. मुईनुद्दीन साहब कासमी, नांदेड.

तख़लीक़ करना	पैदा करना
नसर निगार	नसर लिखनेवाला
आमाले सालेहा	सुकर्म, अच्छे, काम
मुतस्सिफ़	सबंध रखने वाले
गुमराही	सच्चे और सीधे रास्ते से भटकना
सलीमुत तबा	अच्छाई को मान्य करनेवाला, तसलीम करने वाला

मफ़हूम क़ौले बारीत तआला

मजलिस	कमेटी
रुक्न	सभासद
माहेर	स्पेशलिस्ट
मफ़हूम	मतलब
क़ौल	बात
बारीताआला	अल्लाह तआला
बाहमी	आपस के
दुनयवी	दुन्या के
वक़्ती	थोडे वक्त के लिए
मुनाफ़ा	फ़ायदा
ख़ैर	भलाई
सरगोशी	चुपके चुपके बात करना
तरग़ीब देना	मायल करना

अभिप्राय

मौ. मु. अय्युब साहब क़ास्मी

आबेदाना	धार्मिक
सियासी	पोलिटिकल
रुहबानी	सन्यासी
परागंदा माहोल	बुरा माहोल
कुफ़्र	अंधेरा
गामज़न होना	क़दम बढाना, चलना

अभिप्राय

मो. मसउदुर्रहमान फारुकी साहब पालनपुरी मुक़ीम हिंगोली.

जस्ता जस्ता	थोडा थोडा
नुमायाँ	ज़ाहेर

अभिप्राय

मौ. अ. वाहेद साहब कास्मी -

सालेह	नेक, अच्छा
इस्लाह	दुरुस्ती
मआशेरा	लोक, सोसायटी
तुर्क़	तरीके
अदबी ज़ौक	अदब से लगाव
बिसात	हैसियत
मखफ़ी	छुपी हूई
पैग़ाम	संदेसा
काविश	कोशिश

अभिप्राय

मो. मुफ़्ती मु. युसुफ़ साहेब क़ासमी

दआवती मज़हब	अछाई की और बुलानेवाला धर्म
मुतर्जमीने इसलाम	इस्लाम धर्म के उसूलो और आदेशो को समझाने और आम करने वाले
नय्यरे ताबाँ	रोशन सूरज
खुदादाद	खुदा की दी हूई
उम्मते मुसलिमा	इस्लाम धर्म को माननेवाले
अज़ीम तरीन हसतियाँ	बहुत बडे लोक
आफ़ाकी पैग़ाम	सब संसार के लिए पैग़ाम
सिलसिला	ज़न्ज़ीर
ज़हब	सोना

मुतफ़र्रिक अशआर

अशआर	कविताके, पंकतियाँ
तारतार होना	टुकडे टुकडे होना
ख़ार	काटे
शर्मसार	शर्मिंदा
बाहया	शर्मवाली
नाखुदा	मल्हार, कश्ती चलानेवाला
हज़रते खि़ज़र	अल्लाह के वली जो रास्ते से भटके हूए लोगों को रास्ताबताने वाले
एहासे ज़ियाँ	नुक़्सान का एहसास
ख़ता	ग़ल्ती
क़ज़ाहोना	छूटजाना
रब्बेग़फ़ूर	क्षमाकरने वाला अल्लाह तआला
दोतिहाई	तिसरा हिस्सा, भाग
आसारे सहर	सवेरे के आसार, निशानियाँ
कूचनक़्क़ारा	कारवाँ की रवानगी के समय जो बिगुल बजाया जाता है.
एनाने मौत वज़ीस्त	जिंदगी और मौत का एख़्त्यार
दुआ मक़्बूल होना	दुआ क़ुबूल होना
रतबुल लिसाँ	यादमे
मजूसी	पारसी
नूरेखै़रुलबशर	दाढी
अलताफ़ व इनायात	अल्लाह की मेहरबानियाँ
बार	वज़न
मतलूब	चाहिए
ख़ूब	अच्छा
कैफ़	मज़ा
जिंदगी का ऐश	जिंदगी के मज़े
लम्हे निशात	ख़ुशी की घडी
गुल	फूल
सिबात	ठैराव
इन्क़लाब	परिवर्तन

शबनम

तख़्लीक़ात	अल्लाह की बनाई हुई चीज़ें
मोहतरम	पुज्य
आरेज़	गाल
सुर्ख़गुल	लाल कलर का फूल, गुलाब
वुज़ु	नमाज़ (प्रार्थना) से पहले जो हात पावँ धोए जाते हैं.
ज़िक्र ख़ालेक का करना	निर्माता यानी अल्लाह को याद करना
सजदा रेज़ होना	सजदा मे जाना या माथा व नाक ज़मीन पर रखना
क़्याम करना	खडा होना
अहले गुलिस्ताँ	चमन वाले
फ़ने अरूज़	शायरी का फ़न
लाज़मी	बहूतजरुरी
मुस्लेह	इस्लाह करने वाला, दुरुस्त करने वाला
तिफली	बचपन, बालपाण
अहदे शबाब	जवानी का ज़माना
पीरी	बुढापा
आफ़ताब	सूरज
हौसला	हिम्मत
मौला	अल्लाह
अद्ल	न्याय
मग़मूम	रंजीदा
शराफ़त	सभ्यता
सूरज की तरहा रोशन	खुली हुई
आफ़ात	मुसीबत
आमाल	अपने अच्छे बुरे अमल
परतव	छाया
अयाँ	ज़ाहेर, खुला हूआ
बहर	सागर
बर	धरती
शाह व गदा	राजा व भिकारी
हीच	मामूली, हक़ीर, छोटा
गुरु तकब्बूर	घमंड
फ़र्ज	जिम्मेदारी
शोहर	पती
खुदाए बरतर	अल्लाह तआला
ज़ीनत	रौनक़
शाख़ेगुल	फूल की डाली
शेवैमोमिन	मोमिन के अख़लाक़
राज़ी ब रज़ा रहना	हर हाल मे राज़ी रहेना शिकवा व शिकायत न करना
मसायब	मुसीबतें
अहले ग़ीबत	गीबत, चुगली चाली करने वाले
जहन्नूम	दोजख, नरक
रक़म करना	लिखना
अहसन	अच्छी

माँ की अज़मत

परवरिशव परदाख़्त	पालन पोषण
आग़ोश	गोद
मुतबादल	बदल
मसीहा	डॉक्टर
दर्द व आज़ार	तकलीफ
मुस्क़बिल	भविष्य
ख़ैरख़ा	भलाई चाहने वाली
फ़लाह	भलाई
शादाबी	सरसब्जी
दरख़्शाँ	रोशन
अख़लाक़	सभ्यता
मल्जा व मावा	ठिकाना
मुख़ातिब करना	मुतवज्जेकरना
मुहिम	बडाकाम
फ़रमानेरब्बी	अल्लाह का हुकुम
फ़रमाने नबी स.अ.स.	नबी (स.अ.स.) का फ़रमान
तरजीह	ज़्यादा अहमियत देना
इताब	ग़ुस्सा, कुरोध
सुर्ख़रू	कामियाब, मशहूर
नामुराद	नाकाम
फ़ैसल	फ़ैसला करनेवाली
पनाह	हिफ़ाज़त
मदाहखाँ	तारीफ़ करने वाले,
सना खाँ	तारीफ़ करने वाले
महेरुम	नामुराद

चाँद

माहेताबाँ	रोशन चाँद
परतवे खुर्शीद	सुरज की छाया (रोशनी)
मुस्तआर	उधार
महेजबी	सुंदर, चाँद की तऱ्ह रोशन
गिरवीदाह दाहा होना	चाहना, प्रेम करना
शैदा	आशिक
हुस्ने अज़ल	अल्लाह तआला
तख़लीक़	तय्यार करदाह, पैदा की गई
मोजेज़ा	करिष्मा
मोजेज़ा शक्कुल क़मर	हज़रत मुहम्मद (स.अ.स.) ने अल्लाह तआला के हूक्म से चाँद के दो टुकडे करदिय थे
तफ़सीर	सराहत
शबेतीर वतार	अंधेरीरात
क़ैसर	राजा
हिलाल	पहली तारीख़ का चाँद
सायम	रोज़ादार
नग़मै मुहब्बत	प्रेम का गीत

दिल जलाव केह रोशनी होगी

आफ़रीं	क़ाबिले तआशिफ़
साने	निर्माण करने वाला

दिलजलाओ केह रोशनी होगी

रब्बेक़दीर	अल्लाह तआला
बख़्शवाना	क्षमा करवाना, स्वर्गका हकदार बनाना
शाहेउमम	हज़रत मुहम्मद (स.अ.स.)
आज़ा	शरीर के भाग
अयाँ	जाहेर, खुला हुआ
रक़्स	नाच
ऐशख़ाने	जहाँ शराब व कबाब डांस और पाप होते है
तंबीहे रब	रब की डाँट, बुरे काम से रुकने के लिए ख़बरदार करना

माँ की अज़मत

परवरिशव परदाख़्त	पालन पोषण
आग़ोश	गोद
मुतबादल	बदल
मसीहा	डॉक्टर
दर्द व आज़ार	तकलीफ, बीमारियाँ
मुस्तकाबल	भविष्य
खैरख़ाह	भलाई चाहने वाली
फ़लाह	भलाई
शादाबी	सरसब्जी
दरख़्शाँ	रोशन
अख़लाक़	सभ्यता
मल्जा व मावा	ठिकाना
मुख़ातिब करना	मुतवज्जेकरना, बात करना
मुहिम	बडाकाम
फरमानेरब्बी	अल्लाह का हुकूम
फ़रमाने नबी स.अ.स.	नबी (स.अ.स.) का फ़रमान
तरजीह देना	ज़्यादा पसंद करना
इताब	गुस्सा, कुरोध
सुर्खरु	कामियाब
नामुराद	नाकाम
फैसल	फैसला करनेवाली
पनाह	हिफ़ाज़त
मदाहखाँ	तारीफ़ करने वाले
सना खाँ	तारीफ करने वाले
महेरुम	नामुराद

गज़ल १२

बर्क	बिजली
चष्मकज़मी	बिजली का बार बार चमकना
हिजाब	पर्दा
वजूद	हस्ती
पारे सिमाब	पारे का टुकडा
बज़्म	महेफिल
तबस्सुमरेज़	मुसकराहट बिखेरने वाली
शीरींकलाम्याँ	दिलको लुभाने वाली बात चीत
ख़िताब	बयान
महेव	मगन
खुशअदाई	आकर्शक अदाकरी
शजर	पेड, झाड
हसीं	सुंदर
गुमान	ख़्याल
दहन	मूँह

गज़ल ८

लैल व नहार	रात व दिन
आसार	निशानियाँ
बदरे कामील	चौधवी रात का चाँद
खुर्शीद.	सुरज
सहेरा	जंगल
गुलज़ार	चमन
आबेद	इबादत करने वाला
ज़ाहेद	अल्लाह से डरने वाला
रफ़ीख	दोस्त, मित्र
गुन्हागार	पापी
दिलनशींबज़्म	सुंदर संसार
संगे राह	रासते का पत्थर
रहेबर	रास्ता बत्ताने वाला
लायके ऐतेबार	भरोसे के काबिल
खारज़ार	कांटेदार झाडीयाँ
हासीले जिस्त	जिंदगी का मक़्सद
रहेमते किरदगार	अल्लाह की रहेमत